सत्यमेव जयते

भारत सरकार
पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय

निर्मल भारत अभियान

सफ़ाई में भलाई

दिशा–निर्देश

# निर्मल भारत अभियान

निर्मल भारत अभियान

सफ़ाई में भलाई

# विषय सूची


1. भूमिका 1
2. उद्देश्य 2
3. कार्यनीति 2
4. कार्यान्वयन 2
5. घटक 3
    (क) आरंभिक क्रियाकलाप 3
    (ख) आई.ई.सी. क्रियाकलाप 3
    (ग) क्षमता निर्माण 4
    (घ) वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों का निर्माण 4
    (ड.) ग्रामीण स्वच्छता मार्ट और उत्पादन केन्द्र 5
    (च) जिले में परिक्रामी निधि का प्रावधान 6
    (छ) सामुदायिक स्वच्छता परिसर 6
    (ज) संस्थागत शौचालय 7
    (झ) ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन 8
    (ञ) निर्मल भारत अभियान (एनबीए) के अंतर्गत सृजित सुविधाओं का अनुरक्षण 9
    (ट) प्रशासनिक प्रभार 9
6. राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति 10
7. कार्यान्वयन एजेंसी 10
8. पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका 12
9. गैर–सरकारी संगठनों की भूमिका 12
10. निगमित निकायों की भूमिका 12
11. परियोजना का वित्तपोषण 13
12. वार्षिक कार्यान्वयन योजना (एआईपी) 13
13. निधियों की रिलीज 14
    13.1 केन्द्र से राज्य स्तरीय कार्यान्वयन निकाय को रिलीज 14
    13.2 राज्य स्तर से जिला स्तर को रिलीज 15
14. एनबीए के अंतर्गत जारी निधियों पर अर्जित ब्याज 15
15. निरीक्षण 15
16. राज्य समीक्षा मिशन 16
17. सामाजिक लेखा परीक्षण 16
    17.1 भूमिका 16
    17.2 स्वच्छता दिवस 16
    17.3 ग्राम स्वच्छता दिवस (जी.एस.एस.) 17
18. परियोजना मे संशोधन 18
19. रिपोर्ट 19
20. मूल्यांकन 19
21. अनुसंधान 20
22. वार्षिक लेखा परीक्षण 20
23. परियोजना का समापन 20
24. अनुबंध (Annexures) 21

निर्मल भारत अभियान

सफ़ाई में भलाई

# शब्द-संक्षेप

एआईपी – वार्षिक कार्यान्वयन रिपोर्ट
एपीएल – गरीबी रेखा से ऊपर
आशा – प्रत्यायित सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता
बीपीएल – गरीबी रेखा से नीचे
सीबीओ – समुदाय आधारित संगठन
सीसीडीयू – सम्प्रेषण और क्षमता विकास इकाई
सीआरएसपी – केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम
सीएससी – सामुदायिक स्वच्छता परिसर
सीएसआर–
डीडब्ल्यूएससी – जिला जल और स्वच्छता समिति
डीडब्ल्यूएसएम – जिला जल और स्वच्छता मिशन
जीओआई – भारत सरकार
जीपी – ग्राम पंचायत
जीएसएस – ग्राम स्वच्छता सभा
आईएवाई – इन्दिरा आवास योजना
आईईसी – सूचना, शिक्षा और सम्प्रेषण
आईएचएचएल – वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय
आईपीसी – अन्तर वैयक्तिक सम्प्रेषण
एमएलएएलएडीएस – विधान सभा सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना
एमएनआरईजीएस – महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना
एमपीएलएडीएस – संसद सदस्य स्थानीय क्षेत्र विकास योजना
जवरूएमआईएस–
एनबीए – निर्मल भारत अभियान
एनजीओ–
एनजीपी – निर्मल ग्राम पुरस्कार
एनआरएचएम – राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
एनएसएससी – राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति
पीएसी – योजना अनुमोदन समिति
पीसी – उत्पादन केन्द्र
पीएचईडी–
एसएसएचई–
पीआरआई – पंचायती राज संस्था
आरएसएम – ग्रामीण स्वच्छता मार्ट
एसएचपी – स्व–सहायता समूह
एसएलडब्ल्यूएम – ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन
एसएसए – सर्व शिक्षा अभियान
एसएसएससी – राज्य योजना स्वीकृति समिति
एसडब्ल्यूएसएम – राज्य जल और स्वच्छता मिशन
टीएससी – सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान
वीडब्ल्यूएससी – ग्रामीण जल और स्वच्छता समिति
डब्ल्यूएसएसओ – जल एवं स्वच्छता सहायता संगठन

## 1. पृष्ठभूमि :

1.1 व्यक्तिगत स्वास्थ्य और साफ–सफाई काफी हद तक पेयजल और समुचित स्वच्छता सुविधा की उपलब्धता पर निर्भर करती है। इसलिए जल स्वच्छता और स्वास्थ्य के बीच सीधा संबंध है। अस्वच्छ पेयजल का उपयोग करना, मानव मल का सही ढंग से निपटान न किया जाना, पर्यावरण की समुचित साफ–सफाई की व्यवस्था का न होना तथा स्वंय की और भोजन की सफाई की व्यवस्था न होना, विकासशील देशों में कई बीमारियों के प्रमुख कारण रहे हैं। भारत भी इससे अछूता नहीं है। सरकार ने 1986 में केन्द्रीय ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम शुरू किया। इसका प्राथमिक उद्देश्य ग्रामीण लोगों के जीवन स्तर को सुधारना और महिलाओं को निजता तथा प्रतिष्ठा प्रदान करना था।

1.2 व्यक्तिगत साफ–सफाई, घरेलू स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल, कूड़ा करकट निपटान, मलमूत्र निपटान और अपशिष्ट जल के निपटान को शामिल करने के लिए स्वच्छता की अवधारणा का विस्तार किया गया। स्वच्छता की इस व्यापक अवधारणा के साथ केन्द्रीय स्वच्छता कार्यक्रम में "सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान" के नाम से "मॉग आधारित" दृष्टिकोण अपनाया गया, जिसे 1999 से लागू किया गया। संशोधित दृष्टिकोण में सूचना, शिक्षा और संचार, मानव संसाधन विकास, क्षमता विकास क्रियाकलापों पर पहले से जोर दिया गया, ताकि लोगों में जागरूकता पैदा की जा सके और स्वच्छता सुविधाओं की मांग पैदा की जा सके। इससे वैकल्पिक वितरण तंत्र के माध्यम से अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार उपयुक्त विकल्पों का चयन करने की लोगों की क्षमता बढ़ी। इस कार्यक्रम को समुदाय उन्मुख और जनकेन्द्रित पहलों पर ध्यान केन्द्रित करते हुए कार्यान्वित किया गया। गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों द्वारा निजी पारिवारिक शौचालय बनावाए जाने और उसका इस्तेमाल किये जाने की उनकी उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए उन्हें वित्तीय प्रोत्साहन दिये गये। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत क्रियाकलाप शुरू करने के अलावा विद्यालय शौचालय इकाइयों, ऑगनवाड़ी शौचालय और सामुदायिक स्वच्छता परिसरों के निर्माण के लिए भी सहायता का विस्तार किया गया।

1.3 संपूर्ण स्वचछता अभियान को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने निर्मल ग्राम पुरस्कार भी शुरू किया जिसमें पूर्ण स्वच्छता कवरेज हासिल करने की दिशा में हासिल की गई उपलब्धियों और किए गए प्रयासों को मान्यता दी जाती है। इस पुरस्कार को अत्यधिक लोकप्रियता प्राप्त हुई और इसने निर्मल स्थिति हासिल करने के लिए समुदाय में एक आंदोलन शुरू करने में प्रभावी योगदान दिया और इसके माध्यम से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता दायरा को बढ़ाने के लिए हासिल की गई उपलब्धियों में काफी वृद्धि हुई।

1.4 निर्मल ग्राम पुरस्कार की सफलता से प्रोत्साहित होकर संपूर्ण स्वच्छता अभियान का नाम बदलकर **"निर्मल भारत अभियान"** किया जा रहा है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता दायरा में तेजी लाना है, ताकि नई कार्यनीतियों और संतृप्ति–करण दृष्टिकोण के माध्यम से ग्रामीण समुदाय को व्यापक रूप से शामिल किया जा सके।

एन बी ए के अन्तगर्त निम्नलिखित प्राथमिकताओं के साथ निर्मल ग्राम पंचायतें बनाने की दृष्टि से संतृप्ति परिणाम हासिल किये जाने की योजना है।

- ग्राम पंचायत में गरीबी रेखा से नीचे और गरीबी रेखा से ऊपर दोनों के निर्धारित परिवारों, के लिए निजी पारिवारिक शौचालय की व्यव्स्था।
- ऐसी ग्राम पंचायतों का चयन जिनमें सभी बस्तियों में पानी उपलब्ध हो। उन ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता दी जाएगी, जिनमें कार्यशील पाइप द्वारा जल आपूर्ति की सुविधा हो।
- इन ग्राम पंचायतों में सरकारी स्कूलों और सरकारी भवनों में चलाई जाने वाली ऑगनवाड़ियों में स्वच्छता सुविधाओं की व्यवस्था।
- प्रस्तावित और मौजूदा निर्मल ग्रामों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था।
- स्थायी स्वच्छता के लिए पंचायती राज संस्थाओं, ग्राम जल एवं स्वच्छता समितियों तथा क्षेत्रीय कर्मियों जैसे हिस्सेदारों की गहन क्षमता का विकास।
- एमएनआरईजीएस के साथ अकुशल श्रम दिवसों और कुशल श्रमदिवसों के अनुसार समुचित तालमेल।

## 2. उद्देश्य

2.1 निर्मल भारत अभियान का मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार है।

क) ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य जीवन स्तर में सुधार करना।

ख) देश में सभी ग्राम पंचायतों द्वारा निर्मल स्थिति प्राप्त करने के साथ 2022 तक निर्मल भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए स्वच्छता कवरेज में तेजी लाना।

ग) जागरूकता सृजन और स्वास्थ्य शिक्षा के माध्यम से स्थायी स्वच्छता सुविधाओं को बढ़ावा देने वाले समुदायों और पंचायती राज संस्थाओं को प्रोत्साहित करना।

घ) ग्रामीण क्षेत्रों में सर्वशिक्षा अभियान के तहत शामिल न किये गए विद्यालयों और आंगनवाड़ी केन्द्रों को समुचित स्वच्छता सुविधाओं के साथ कवर करना और छात्रों के बीच स्वास्थ्य शिक्षा और साफ–सफाई की आदतों को बढ़ावा देना।

ङ) पारिस्थितिकीय रूप से सुरक्षित और स्थायी स्वच्छता के लिए किफायती तथा उपयुक्त प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देना।

च) ग्रामीण क्षेत्रों में संपूर्ण स्वच्छता के लिए ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष ध्यान देते हुए, समुदाय प्रबंधित पर्यावरणीय स्वच्छता पद्धति विकसित करना।

## 3. कार्यनीति

3.1 "समुदाय नेतृत्व निर्मित" और "जनकेद्रिंत" कार्यनीतियॉ तथा सामुदायिक संतृप्तिकरण दृष्टिकोण अपनाते हुए ग्रामीण भारत को "निर्मल भारत " में परिवर्तित करने की रणनिति है। जागरूकता सृजन और घरों, विद्यालयों में स्वच्छता सुविधाओं के सृजन की मांग पैदा करने तथा स्वच्छ वातावरण पर जोर देते हुए "मॉग उन्मुख दृष्टिकोण" को जारी रखा जाना है। समुदाय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए वैकल्पिक सुपुर्दगी तंत्र अपनाये जाऐंगे। सबसे गरीब परिवारों को निजी पारिवारिक षैचालय इकाइयों के लिए वित्तीय प्रोत्साहन की व्यवस्था को विस्तृत किया गया है ताकि अन्य जरूरतमंद परिवारों को भी शामिल किया जा सके और इस तरह सामुदायिक परिणाम हासिल किये जा सकें। सृजित स्वच्छता सुविधाओं के स्थायित्व के लिए ग्राम पंचायत में पानी की उपलब्धता एक महत्वपूर्ण कारक रहेगा। ग्रामीण विद्यालय स्वच्छता एक प्रमुख घटक होता है और ग्रामीण लोगों द्वारा स्वच्छता को व्यापक रूप से स्वीकार करने का प्रवेश बिंदु होता है। ग्राहक की प्राथमिकताओं और स्थान विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, व्यापक प्रौद्योगिकी विकल्प उपलब्ध कराये जा रहे हैं। गहन आईईसी अभियान इस कार्यक्रम का आधार है, जिसमें पंचायती राज संस्थाओं, सहकारी समितियों, आशा, ऑगनवाड़ी कार्यकर्ता, महिला समूह, स्वसहायता समूह, गैर–सरकारी संगठन इत्यादि शामिल होते हैं। कारपोरेट घरानों को शामिल करने की रूपरेखा प्रस्तुत की जा रही है। निर्मल भारत अभियान की कार्यान्वयन प्रक्रिया में और अधिक पारदर्शी प्रणाली शुरू की जा रही है, जिसमें सामाजिक लेखा परीक्षा और सक्रिय जनभागीदारी शामिल है। निधि उपलब्धता के साथ ग्रामीण परिवारों की मदद करने के लिए एमएनआरईजीएस के साथ तालमेल करना भी महत्वपूर्ण होगा ताकि वे खुद की स्वच्छता सुविधाएँ सृजित कर करने के लिए धन हासिल कर सकें।

## 4. कार्यान्वयन

4.1 निर्मल भारत अभियान के दिशा–निर्देश और इसमें दिए गए प्रावधान 1/4/2012 से लागू हैं। निर्मल भारत अभियान का कार्यान्वयन ग्राम पंचायत को आधार इकाई मानकर करने का प्रावधान है। किसी जिले से आने वाले परियोजना प्रस्ताव की राज्य सरकार द्वारा जॉच की जाती है और उसे समेकित किया जाता है तथा राज्य योजना के रूप में भारत सरकार, पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय को भेज दिया जाता है। निर्मल भारत अभियान को आरंभिक क्रियाकलापों के साथ अलग–अलग चरणों में कार्यान्वित किया जाएगा। प्रारंभिक आईईसी कार्य के लिए निधियॉ उपलब्ध कराई जाती है। वास्तविक कार्यान्वयन महसूस की गई आवश्यकताओं को पूरा.करने वाला होगा जिसमें हर परिवार अपने पारिवारिक शौचालयो के लिए विकल्पों की सूची से विकल्प का चयन करेगा। विकल्पों की सूची में निर्मित लोचनीयता गरीब तथा उपेक्षित परिवारों को बाद में अपनी जरूरतों और आर्थिक स्थिति के आधार पर उन्नयन

का अवसर प्रदान करता है। "अभियान दृष्टिकोण "में सरकारी एजेंसियों और अन्य हिस्सेदारों के बीच सहयोगात्मक बातचीत जरूरी है। प्रासंगिक स्वच्छता प्रथाओं में वांछित व्यावहारिक बदलाव लाने के लिए गैर–सरकारी संगठनों/पंचायती राज संस्थाओं/संसाधन संगठनों की भागीदारी के साथ गहन आईईसी तथा प्रचार–प्रसार की व्यवस्था की गई है।

4.2 निर्मल भारत अभियान का कार्यान्वयन जिला को परियोजना इकाई मानकर किया जाएगा। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से यह अपेक्षा है कि वे सभी जिलों के लिए निर्मल भारत अभियान परियोजनाएं तैयार करें/उसे संशोधित करें, राज्य योजना के रूप में राज्य स्तर पर समेकित करें तथा भारत सरकार के सम्मुख प्रस्तुत करें।

## 5. निर्मल भारत अभियान के घटक

निर्मल भारत अभियान के कार्यान्वयन के लिए कार्यक्रम घटक तथा क्रियाकलाप निम्नानुसार हैं :

### (क) आरंभिक क्रियाकलाप

5.1.1 आरंभिक क्रियाकलाप में निम्न शामिल हैं :

- क. स्वच्छता तथा साफ–सफाई कार्यों की स्थिति का आकलन करने के लिए प्रारंभिक सर्वेक्षण करना
- ख. आधार रेखा सर्वेक्षण
- ग. जिला/ग्राम पंचायत स्तर पर प्रमुख कार्मिकों का प्रबोधन
- घ. राज्य योजना तैयार करना

आरंभिक क्रियाकलापों के लिए 10 लाख रूपये तक की लागत की पूर्ति सूचना, शिक्षा और संचार (आईसी) निधियों से की जाएगी। यदि अतिरिक्त निधि की आवश्यकता पड़ती है, तो उसकी पूर्ति राज्य द्वारा की जाएगी।

### (ख) आईईसी क्रियाकलाप

5.2.1 सूचना, शिक्षा एवं संचार इस कार्यक्रम के महत्वपूर्ण घटक हैं। इनका लक्ष्य व्यावहारिक बदलाव के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घरों, स्कूलों, आंगनवाड़ियों में स्वच्छता सुविधाओं और सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की मांग पैदा करना है। इन घटकों के तहत शुरू किए जाने वाले क्रियाकलाप क्षेत्र विशिष्ट होंगे और उनमें ग्राम आबादी के सभी वर्गों को शामिल भी किया जाएगा। आईईसी केवल एक बार किया जाने वाला क्रियाकलाप नहीं है। निर्माण को बढ़ावा देने वाली मांग सृजन को शामिल करने के लिए आईईसी कार्यनीति और योजना तैयार करनी होती है तथा उसका स्थायी रूप से इस्तेमाल करना होता है। आईईसी क्रियाकलाप सभी स्तरों अर्थात जिला, ब्लॉक तथा ग्राम पंचायतों में चलाए जाने चाहिए।



5.2.2 भारत सरकार के द्वारा बुनियादी स्तर पर परस्पर चर्चा पर जोर देते हुए एक राष्ट्रीय संचार नीति की रूपरेखा तैयार की गई है। राज्यों को सामूहिक मीडिया, मास मीडिया और आउटडोर मीडिया जैसे दीवार पेंटिंग, होर्डिंग इत्यादि का भी इस्तेमाल करते हुए खुद की कार्यनीति तैयार करनी होगी। आईईसी में स्वास्थ्य तथा साफ–सफाई कार्यों और पर्यावरण स्वच्छता के पहलुओं पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

5.2.3 परस्पर चर्चा और घर–घर जाकर संपक्र करने के कार्य को कार्यक्रम लक्ष्यों को हासिल करने का सर्वाधिक महत्वपूर्ण साधन माना गया है। भीगीदारीपूर्ण सामाजिक एकजुटता के साथ ग्राम स्तर पर संचार तंत्र को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ग्राम स्तरीय प्रेरकों (स्वच्छतादूत/स्वच्छता प्रबंधकों) को शामिल करने के दिशा–निर्देश अलग से जारी किए गए हैं। इस कार्यनीति के हिस्से के रूप में स्वच्छता दूतों के अलावा, क्षेत्रीय कर्मियों जैसे – भारत निर्माण स्वयंसेवकों, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, विद्यालय शिक्षकों इत्यादि को भी ग्राम स्तर पर मांग सृजन और

व्यावहारिक बदलाव लाने संबंधी चर्चा में शामिल किया जा सकता है। प्रेरकों को आईईसी के लिए निर्धारित की गई निधि से उपयुक्त प्रोत्साहन राशि दी जा सकती है। प्रोत्साहन राशि कार्यनिष्पादन अर्थात् शौचालय बनाने और उनका इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित किए गए परिवारों और विद्यालयों/आंगनवाड़ियों की संख्या पर आधारित होगी।

5.2.4 प्रत्येक परियोजना जिला समुदाय के सभी वर्गों तक पहुंचने के लिए विस्तृत आईईसी योजना के साथ–साथ स्पष्ट कार्यनीति के साथ वार्षिक कार्य योजना तैयार करेगा। इस तरह की संचार योजना का लक्ष्य ग्रामीण लोगों को जीवन जीने के तरीके के रूप में साफ–सफाई की आदत को अपनाने के लिए प्रेरित करना और इसके माध्यम से कार्यक्रम के तहत सभी सुविधाएँ विकसित करना तथा उनका रखरखाव करना है। वार्षिक आईईसी कार्ययोजना को डीडब्ल्यूएससी/डीडब्ल्यूएसएम द्वारा विधिवत रूप से अनुमोदित किया जाना चाहिए। राज्य स्तर पर बनाई गई संचार एवं क्षमता विकास इकाइयां/जल एवं स्वच्छता सहयोग संगठन एक अच्छी आईईसी योजना तैयार करने और उसे कार्यान्वित करने में जिलों की मदद करेंगे। स्वच्छता दिवस/स्वच्छता सप्ताह/स्वच्छता पखवाड़ा मनाना वार्षिक कार्ययोजना का अनिवार्य हिस्सा होना चाहिए।

5.2.5 आईईसी सामग्रियों का प्रभावी तरीके से प्रचार–प्रसार करने के लिए ब्लाकों तथा ग्राम पंचायतों को कार्यों के निष्पादन के लिए इस घटक के तहत निधियां भी दी जा सकती हैं। परस्पर चर्चा करने, प्रेरकों का चयन करने, दीवार पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक जैसे कार्य निष्पादित करने इत्यादि के लिए स्थानीय गैर सरकारी संगठनों को शामिल करने के लिए इस तरह के क्रियाकलाप शुरू कर सकते हैं। पंचायतों द्वारा तैयार की गई इस तरह की सामग्री को जिला अथवा सीसीडीयू द्वारा मानकीकृत किया जाना चाहिए।

5.2.6 आईईसी निधियों को मोटेतौर पर प्री–निर्मल तथा पोस्ट–निर्मल चरण में विभाजित किया जाना चाहिए ताकि अभियान को जारी रखने के लिए निधियां उपलब्ध रहें। फिर भी, परियोजना जिलों को बेसलाइन सर्वेक्षण रिपोर्टों और स्वच्छता कवरेज की तीव्रता की दर के आधार पर इस विभाजन के संबंध में निर्णय लेने की छूट होगी।

5.2.7 आईईसी के तहत उपलब्ध निधियों का इस्तेमाल ग्रामीण समुदायों, आम जनता और विद्यालयों में बच्चों को साफ–सफाई की शिक्षा देने के लिए किया जा सकता है। आईईसी योजना में स्कूल जाने वाले बच्चों, शिक्षकों तथा अभिभावक–शिक्षक संगठनों में जागरूकता का स्तर बढ़ाने का एक घटक शामिल होना चाहिए।

5.2.8 आईईसी का वित्तपोषण भारत सरकार तथा राज्य सरकारों के बीच 80:20 के अनुपात में किया जाएगा और आरंभिक अनुदान सहित कुल आईईसी लागत कुल परियोजना लागत के 15 प्रतिशत तक सीमित होगी।

## (ग) क्षमता निर्माण

5.3.1 यह घटक वीडब्ल्यूएससी तथा पंचायती राज संस्था के सदस्यों, ब्लॉक तथा जिला कर्मियों और बुनियादी स्तर के कर्मियों जैसे – आशा और अन्य स्वास्थ्य, शिक्षा तथा इनसे संबंधित कर्मियों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं इत्यादि के प्रशिक्षण के लिए है। स्वसहायता समूहों को जागरूकता बढ़ाने वाले क्रियाकलापों के रूप में राजमिस्त्री संबंधी काम, ईंट बनाने, टॉयलेट पैन बनाने और नलमिस्त्री से संबंधित काम इत्यादि जैसे पेशों में भी प्रशिक्षित किया जा सकता है। सक्षम सीबीओ और गैर–सरकारी संस्था को ऐसे कार्यों के लिए भी सम्मलित किया जा सकता है। राज्य संसाधन केन्द्रों और क्षेत्रीय/जिला संसाधन केन्द्रों का निर्धारण इस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए किया जाना चाहिए।

5.3.2 क्षमता निर्माण का वित्तपोषण भारत सरकार और राज्य सरकारों के बीच 80:20 के अनुपात में किया जाएगा तथा यह आईईसी बजट का 2 प्रतिशत तक होगा।

## (घ) वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय का निर्माण

5.4.1 विधिवत रूप से पूरा किए गए पारिवारिक स्वच्छता शौचालय में एक उपरी ढांचा सहित एक शौचालय इकाई होगी। इस कार्यक्रम का लक्ष्य सभी ग्रामीण परिवारों को शामिल करना है। योजना के तहत दिया जाने वाला वित्तीय प्रोत्साहन जो गरीबी रेखा से नीचे अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों, छोटे तथा सीमांत किसानों, वासभूमि के साथ भूमिहीन मजदूरों, शारीरिक रूप से विकलांगों तथा महिला प्रमुख परिवारों को दिया जाता है, और विस्तर करके गरीबी रेखा के नीचे तथा गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले सभी परिवारों को दिया जा सकता है। पारिवारिक शौचालयों का निर्माण कार्य परिवार द्वारा खुद ही किया जाएगा और शौचालय बन जाने तथा इस्तेमाल शुरू हो जाने पर नकद वित्तीय प्रोत्साहन परिवार की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए दिया जा सकता है।

5.4.2 वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय की एक इकाई के निर्माण के लिए गरीबी रेखा से नीचे के परिवार/निर्धारित एपीएल परिवार को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि 4600 रू. होगी (दुर्गम तथा पर्वतीय क्षेत्रों के लिए 5100 रू.)। इसमें केंद्रीय अंश 3200 रू. होगा (पर्वतीय एवं दुर्गम क्षेत्रों के लिए 3700रू.) तथा राज्य सरकार का अंश 1400रू. होगा। न्यूनतम लाभार्थी अंशदान नकद अथवा श्रम के रूप में 900 रू. होगा। राज्य सरकारों को यह छूट दी गई है कि वे चाहें तो स्वयं की निधियों से इसी इकाई लागत अथवा इससे अधिक इकाई लागत के आधार पर एक पारिवारिक शौचालय के लिए इससे अधिक प्रोत्साहन राशि दे सकती हैं। केन्द्रीय अथवा राज्य सहायता से बनाए गए सभी मकानों में



निरपवाद रूप से अभिन्न हिस्सों के रूप में उपयुक्त स्वच्छता सुविधा होनी चाहिए। फिर भी, इंदिरा आवास योजना अथवा किसी अन्य राज्य आवास योजना के तहत लाभार्थियों द्वारा बनाए गए सभी मकान, जिनमें शौचालय नहीं हैं, वे मकान भी निर्मल भारत अभियान के तहत लक्ष्य में रखे गए समूहों के अंतर्गत स्वच्छता सुविधाओं के निर्माण के लिए उपर्युक्तानुसार वित्तीय प्रोत्साहन के लिए पात्र होंगे।

5.4.3 उपर्युक्त वित्तीय प्रोत्साहन के अंतर्गत कवर न किए गए एपीएल परिवार प्रेरित होकर स्वयं ही पारिवारिक शौचालय बनावाना शुरू कर देंगे। आईईसी क्रियाकलापों में बिना किसी अपवाद के ग्राम पंचायत में सभी परिवारों को व्यापक रूप से शामिल किया जाएगा। ऐसे एपीएल परिवार जिनके पास नकद का अभाव हो, वे दिशानिर्देशों में किए गए निर्धारण के अनुसार परिक्रामी निधि से राषि प्राप्त कर सकते हैं।

5.4.4 ग्रामीण क्षेत्रों में बकेट शौचालय बनाने की अनुमति नहीं है। यदि कोई बकेट शौचालय हो, तो उसे स्वच्छ शौचालयों में तब्दील किया जाएगा तथा लक्ष्य में रखे गए लाभार्थियों को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि की वित्तपोषण पद्धति वैयक्तिक पारिवारिक शौचालयों के निर्माण की तरह ही होगी।

5.4.5 टीएससी का एमजीएनआरईजीएस के साथ तालमेल बिठाने के संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय की दिनांक 7.6.2012 की अधिसूचना संख्या जे. 11013/01/2011 एमजीएनआरइजीए (भाग VI) इस दिशा निर्देश के अनुबन्ध VI पर उपलब्ध है।

## (ङ) ग्रामीण स्वच्छता बाजार और उत्पादन केंन्द्र

5.5.1 ग्रामीण स्वच्छता बाजार एक ऐसी दुकान है जिसमें स्वच्छ शौचालयों, सोख्ता तथा कंपोस्ट पिट्स, वर्मि–कंपोस्टिंग, धुलाई चबूतरों, प्रमाणित घरेलू जल शोधकों के निर्माण के लिए आवश्यक सामग्रियां हार्डवेयर और डिजाइन तथा आवश्यक अन्य स्वच्छता एवं साफ–सफाई संबंधी उपकरण उपलब्ध होते हैं। ग्रामीण स्वच्छता बाजारों में हर तरह के पैन (सिरॉमिक, मौजैक, एचडीपी, फाइबरग्लास) उपलब्ध होने चाहिए ताकि लाभार्भी अपनी पसंद के अनुसार पैन का चयन कर सकें। स्वच्छता बाजार में वह सामग्रियां अवश्य होनी चाहिए जो स्वच्छता पैकेज के हिस्से के रूप में आवश्यक हैं। यह एक व्यावसायिक उपक्रम है जिनका एक सामाजिक उद्देश्य है। ग्रामीण स्वच्छता बाजार बनाने का प्रमुख उद्देश्य अलग–अलग तरह का शौचालय बनाने के लिए आवश्यक सामग्रियां, सेवाएं तथा मार्गदर्शन उपलब्ध कराना तथा स्वच्छ पर्यावरण के लिए अन्य स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उत्पादन केंद्र स्थानीय स्तर पर किफायती स्वच्छता सामग्रियां बनाने के साधन हैं। वे स्वतंत्र हो सकते हैं अथवा ग्रामीण स्वच्छता बाजारों का एक हिस्सा हो सकते हैं।

5.5.2 उत्पादन केन्द्र/ग्रामीण स्वच्छता बाजार स्व–सहायता समूहों/महिला संगठनों/पंचायतों/गैर–सरकारी संगठनों इत्यादि द्वारा खोला और संचालित किया जा सकता है। कारगर आपूर्ति श्रृंखला बनाने के लिए निजी उद्यमियों की मदद भी ली जा सकती है।

5.5.3 डीडब्ल्यूएसएम/डीडब्ल्यूएससी को ग्रामीण स्वच्छता बाजारों/उत्पादन केन्द्रों के साथ एक समझौता ज्ञापन करना चाहिए और संयुक्त रूप में निगरानी करने की प्रणाली भी विकसित करनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि ग्रामीण स्वच्छता बाजार और उत्पादन केन्द्र, उत्पादन योजनाओं की आवश्यकता के अनुसार कार्य करते हैं। ग्रामीण स्वच्छता बाजार में उत्पादों की गुणवत्ता के प्रमाणन की एक पद्धति और प्रशिक्षित राजमिस्त्री तथा प्रेरकों का एक दल होना चाहिए।



5.5.4 खरीद की प्रत्येक सामग्री के लिए गुणवत्ता मानकों (जहां बीआईएस द्वारा अथवा पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया हो) का सख्ती से अनुपालन किया जाना चाहिए।

5.5.5 ग्रामीण स्वच्छता बाजार/उत्पादन केंद्र खोलने के लिए जिले के पास उपलब्ध परिक्रामी निधि से 3.5 लाख रूपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जा सकता है। यदि और अधिक स्वच्छता बाजारों की जरूरत हो, तो इस प्रयोजन के लिए परिक्रामी निधि से अधिकतम 35 लाख रूपये का इस्तेमाल किया जा सकता है। ग्रामीण स्वच्छता बाजार/उत्पादन केंद्र के लिए परिक्रामी निधि से दिए गए ऋण का भुगतान ऋण प्राप्त करने की तारीख से एक वर्ष के बाद 12 से 18 किस्तों में किया जाएगा।

## (च) जिले में परिक्रामी निधि का प्रावधान

5.6.1 परिक्रामी निधि उन सहकारी समितियों अथवा स्व–सहायता समूहों को दी जा सकती है जिनकी विश्वसनीयता बनी हुई हो ताकि वे अपने सदस्यों को सस्ता वित्तपोषण उपलब्ध करा सकें। इस निधि से दिए गए ऋण का भुगतान 12 से 18 किस्तों में किया जाएगा। निर्मल भारत अभियान परियोजनाओं को परिक्रामी निधि स्वीकृत करने के लिए अन्य निबंधन और शर्तें निर्धारित करने की छूट होगी। यह परिक्रामी निधि उन एपीएल परिवारों द्वारा प्राप्त की जा सकती है जिन्हें दिशा–निर्देशों के तहत प्रोत्साहन राशि के लिए शामिल नहीं किया गया है। जिन मकान मालिकों के घरों में आंगनवाड़ी केन्द्र हैं, उन्हें भी बच्चों के अनुकूल शौचालय बनाने के लिए ऋण दिया जा सकता है बशर्ते आईसीडीएस प्राधिकारी मकान मालिक को दिए जाने वाले मकान किराए से ऋण का भुगतान करने के लिए सहमत हों। जिला परियोजना के 5 प्रतिशत जो कि अधिकतम 50 लाख रूपये तक होगा, का इस्तेमाल परिक्रामी निधि के रूप में किया जा सकता है। परिक्रामी निधि को केन्द्र और राज्य के बीच 80:20 के अनुपात में वहन किया जाता है।

## (छ) सामुदायिक स्वच्छता परिसर

5.7.1 सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्मल भारत अभियान का एक अभिन्न घटक है। इन परिसरों, जिनमें उपयुक्त संख्या में शौचालय सीट, स्नान घर, कपड़े आदि धोने के लिए चबूतरा, वाशबेसिन इत्यादि शामिल हैं, को गांव में ऐसी जगह पर बनाया जा सकता है जो सभी लागों को स्वीकार्य हो तथा जहां सभी पहुंच सकें। सामान्यतौर पर, ऐसी परिसरें केवल तभी बनाई जाएंगी जब गांव में पारिवारिक शौचालयों के निर्माण के लिए जगह का अभाव हो और समुदाय इन परिसरों के परिचालन तथा रखरखाव की जिम्मेदारी ले। इसका मुख्य लक्ष्य अधिकतम वैयक्तिक

पारिवारिक शौचालयों का निर्माण करना है और सामुदायिक स्वच्छता परिसरों का निर्माण केवल तभी करना है, जब किसी कारण से वैयक्तिक पारिवारिक शौचालय नहीं बनाए जा सकते है और समुदाय को "साफ–सफाई की आदतों "के बारे में बताना भी आवष्यक है। ऐसी परिसरों का रखरखाव बहुत आवश्यक है जिसके लिए ग्राम पंचायत को जिम्मेदारी लेनी चाहिए। प्रयोक्ता परिवारों को इसकी साफ–सफाई और रखरखाव के लिए उपयुक्त मासिक प्रयोक्ता प्रभार देने के लिए कहा जा सकता है। सामुदायिक स्वच्छता परिसर बनाने के प्रस्ताव को राष्ट्रीय योजना मंजूरी समिति (एनएसएससी) द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। ऐसे परिसर उन सार्वजनिक स्थानों, बाजारों इत्यादि में भी बनाए जा सकते हैं जहां भारी संख्या में लोग इकट्ठा होते हैं। समुदाय परिसर का समुचित रखरखाव सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त रखरखाव दिशा–निर्देश किए जाने चाहिए।

5.7.2 सामुदायिक स्वच्छता परिसर के लिए निर्धारित अधिकतम इकाई लागत 2 लाख रूपये तक है। केन्द्र सरकार, राज्य सरकार तथा समुदाय के बीच हिस्सेदारी 60:30:10 के अनुपात में रहेगी। फिर भी, सामुदायिक अंशदान की पूर्ति पंचायत द्वारा अपने संसाधनों जो तेरहवें वित्त आयोग के अनुदानों अथवा इसके द्वारा विधिवत रूप से अनुमत राज्य की किसी अन्य निधि से की जा सकती है।

## (ज) संस्थागत शौचालय

5.8.1 बच्चे, अभिभावकों को समुचित स्वच्छता की आदतें अपनाने के लिए प्रभावित करने का एक अच्छा माध्यम हो सकते हैं। बच्चे नए विचारों को जल्दी ग्रहण करते हैं। विद्यालय/आंगनवाड़ी प्रेरणा और शिक्षा के माध्यम से खुले में शौच करने की जगह शौचालय का इस्तेमाल करने के लिए बच्चों के व्यवहार, सोच तथा आदतों में बदलाव लाने के लए उपयुक्त संस्थाएं हैं।

### विद्यालय शौचालय

5.8.2 सभी सरकारी स्कूलों में शौचालय बनाए जाने चाहिए। स्कूलों में लड़कियों के लिए शौचालयों पर जोर दिया जाना चाहिए। शौचालय ऐसा होना चाहिए कि विकलांग बच्चे उसका इस्तेमाल कर सकें। शौचालय इकाई में एक शौचालय और न्यूनतम दो मूत्रालय होते हैं। सभी सह–शिक्षा विद्यालयों में लड़कों तथा लड़कियों के लिए अलग–अलग षौचालय उपलब्ध होना चाहिए और प्रत्येक इकाई केन्द्रीय सहायता के लिए पात्र होगी। बनाई जाने वाली शौचालय इकाइयों की संख्या स्कूल आने वाले छात्रों की संख्या के अनुसार स्कूल की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त होनी चाहिए। राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार, अभिभावक, शिक्षा संघ तथा पंचायतें निर्धारित राशि के अतिरिक्त अपने संसाधनों से अंशदान करने के लिए स्वतंत्र हैं।



5.8.3 स्कूलों में हार्डवेयर के सृजन के अलावा, यह अनिवार्य है कि बच्चों को साफ–सफाई के समस्त पहलुओं के संबंध में स्वास्थ्य शिक्षा दी जाती है। इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक स्कूल में कम से कम एक शिक्षक को स्वास्थ्य शिक्षा में प्रशिक्षित किया जाना चाहिए जो बाद में साफ–सफाई की आदतों पर जोर देने वाले मनोरंजक क्रियाकलापों तथा सामुदायिक परियोजनाओं के माध्यम से बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। इस प्रयोजन में हुए व्यय की पूर्ति परियोजना के लिए निर्धारित की गई आईईसी निधि से की जा सकती है। जिला तथा पंचायत कार्यान्वयन एजेंसियां एसएसएचई के उद्देश्य अर्थात सभी बच्चों को सुरक्षित, स्वस्थ शैक्षिक वातावरण सुनिष्चित करने के लिए शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य भागीदारों के साथ अच्छा तालमेल स्थापित करेंगी।

5.8.4 केन्द्रीय सहायता 35,000 रू. प्रति इकाई की इकाई लागत (पर्वतीय तथा दुर्गम क्षेत्रों के मामले में 38,500 रू.) के लिए 70 प्रतिशत तक सीमित होगी। निर्मल भारत अभियान परियोजना में विद्यालय स्वच्छता के लिए वित्तपोषण केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा 70:30 के अनुपात में उपलब्ध कराया जाता है।

## आंगनवाडी शौचालय



5.8.5 जीवन के आरंभकाल से ही बच्चों में शौचालय का इस्तेमाल करने की आदत डालने के उद्देश्य से यह आवश्यक है कि आंगनवाड़ियों का इस्तेमाल बच्चों और माताओं में व्यवहारिक बदलाव लाने के एक मंच के रूप में किया जाता है। इस प्रयोजन के लिए प्रत्येक आंगनवाड़ी में बच्चों के अनुकूल शौचालय होने चाहिए। चूंकि निजी परिसरों में काफी संख्या में आंगनवाड़ी चलाए जाते हैं, इसलिए निम्न कार्यनीति अपनाई जानी चाहिए :

(क) सभी आंगनवाड़ियों, में जो सरकारी भवनों में हैं, उनमें निर्मल भारत अभियान निधि से बच्चों के अनुकूल शौचालय बनाए जाने चाहिए।

(ख) ऐसी आंगनवाड़ियों, जो निजी भवनों में है, उसमें भवन मालिक को डिजाइन के अनुसार शौचालय बनाने के लिए कहना चाहिए और उसे निर्माण की लागत को वसूलने के लिए भवन का किराया बढाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

(ग) वैकल्पिक तौर पर, निर्मल भारत अभियान के तहत परिक्रामी निधि घटक से शौचालय बनाया जा सकता है और निश्चित समयावधि के भीतर लागत को वसूलने के लिए भवन मालिक को दिए जाने वाले मासिक किराए से उपयुक्त कटौती की जा सकती है।

5.8.6 ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक आंगनवाड़ी के लिए एक शौचालय की इकाई लागत 8,000 रू. तक होगी (पर्वतीय और दुर्गम क्षेत्रों के मामले में 10,000 रू.) भारत सरकार द्वारा दी जाने वाली वित्तीय सहायता 5,600 रू. तक सीमित होगी (पर्वतीय तथा दुर्गम क्षेत्रों के मामले में 7,000 रू.)। अतिरिक्त व्यय की पूर्ति राज्य सरकार, पंचायतों द्वारा अथवा तेरहवें वित्त आयोग, एमपीएलडीएस, एमएलएएलएडीएस, एमजीएनआरईजीएस इत्यादि निधियों से की जा सकती है।

5.8.7 कुपोषण के मुद्दे को हल करने में मदद करने के लिए 200 उच्च संकेंद्रित कुपोषित जिलों में आंगनवाड़ी शौचालयों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाएगी।

5.8.8 केन्द्र की आर्थिक मदद से बनाए गए सभी सरकारी भवनों में योजना के अभिन्न घटक के रूप में संबंधित योजनाओं के तहत उपयुक्त स्वच्छता सुविधाएं अनिवार्य रूप से होनी चाहिए। इसे "निर्मल भारत "के लक्ष्य को हासिल करने के लिए अनिवार्य माना जाता है।

## (झ) ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन

5.9.1 निर्मल भारत अभियान का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्य जीवन स्तर में सुधार लाना है। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन इसे हल करने का एक प्रमुख घटक है। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य को परिवार की संख्या के आधार पर किसी ग्राम पंचायत के लिए निर्धारित वित्तीय सहायता से प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए परियोजना आधार पर शुरू किया जाना चाहिए ताकि सभी ग्राम पंचायतें स्थायी ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं को कार्यान्वित करने में समर्थ हो सकें। इस घटक के तहत कपोस्ट पिट, वर्मी कंपोस्टिंग, सार्वजनिक एवं निजी बायोगैस संयंत्र, कम लागत वाली निकासी, सीवेज चैनल/गड्ढा, अपशिष्ट जल का पुनः इस्तेमाल और संग्रहण प्रणाली, घरेलू कचरा को अलग–अलग करना तथा उसका निपटान करना इत्यादि जैसे क्रियाकलाप शुरू किये जा सकते हैं। परियोजनाओं को राज्य योजना मंजूरी समिति द्वारा अनुमोदित



किया जाना चाहिए। इस तरह की परियोजनाएं तैयार करने/ उनकी जॉच करने/उन्हें कार्यान्वित करने के लिए पेशेवर एजेंसियों/गैरसरकारी संगठनों की मदद मांगी जा सकती है। निर्मल स्थिति के लिए लक्ष्य में रखी गई निर्धारित ग्राम पंचायतों तथा जिन ग्राम पंचायतों ने निर्मल ग्राम पुरस्कार पहले ही हासिल कर लिया है, में परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन कार्य को एमजीएनआईजीएस इत्यादि जैसे अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों से निधियां लेकर भी कार्यान्वित किया जा सकता है।

5.9.2 निर्मल भारत अभियान के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं के लिए कुल सहायता का निर्धारण प्रत्येक ग्राम पंचायत में परिवारों की कुल संख्या के आधार पर किया जाएगा जो कि 150 परिवार वाली ग्राम पंचायत के लिए अधिकतम 7 लाख रूपये, 300 परिवारों के लिए 12 लाख रूपये, 500 परिवारों के लिए 15 लाख रूपये होगी। निर्मल भारत अभियान के तहत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए वित्त–पोषण केन्द्र तथा राज्य सरकार द्वारा 70:30 के अनुपात में उपलब्ध कराया जाएगा। किसी अतिरिक्त लागत की आवश्यकता की पूर्ति राज्य/ग्राम पंचायत की निधियों से की जाएगी।

## (ञ) निर्मल भारत अभियान के तहत सृजित सुविधाओं का रखरखाव

5.10 सृजित स्वच्छता सुविधाओं की समुचित देखभाल तथा रखरखाव के लिए समुदाय, विशेषकर परिवार के सभी सदस्यों को प्रशिक्षित करना अनिवार्य है। आईईसी क्रियाकलापों में स्वच्छता सुविधाओं के रखरखाव के संबंध में समुदाय को जागरूक करने का काम शामिल होना चाहिए। वैयक्तिक पारिवारिक स्वच्छ शौचालयों के रखरखाव पर होने वाले खर्चे की पूर्ति परिवारों द्वारा की जानी चाहिए। सामुदायिक स्वच्छता परिसरों की रखरखाव लागत की पूर्ति प्रयोक्ता प्रभार इत्यादि जैसे उपयुक्त तंत्रों के माध्यम से की जानी चाहिए। संबंधित विभाग, विद्यालय/आंगनवाड़ी शौचालयों के रखरखाव के लिए पर्याप्त निधियां उपलब्ध कराएं। राज्य सरकार द्वारा पंचायती राज संस्थाओं/जिलों को उपलब्ध कराई गई कोई अन्य उपयुक्त निधियों का इस्तेमाल किया जाए।

## (ट) प्रशासनिक प्रभार

5.11.1 प्रशासनिक प्रभारों में निर्मल भारत अभियान के निष्पादन के लिए अस्थायी आधार पर तैनात किए गए स्टाफ के वेतन, सहायक सेवाओं, ईंधन प्रभारों, किराए पर लिए गए वाहनों के प्रभारों, लेखन–सामग्री, निर्मल भारत अभियान परियोजना की निगरानी और मूल्याकंन पर खर्च की गई रकम शामिल होगी। फिर भी निर्मल भारत अभियान के कार्यान्वयन के लिए किसी भी स्थिति में कोई अतिरिक्त पद सृजित नहीं किए जाएंगे और न ही अलग से वाहन खरीदे जाएंगे। लेकिन परियोजना को पेशेवर तरीके से कार्यान्वित करने के लिए संचार, मानव संसाधन विकास, स्कूल स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिक्षा तथा निगरानी क्षेत्र से विशेषज्ञ/परामर्शदाता परियोजना अवधि के लिए बुलाए जाएंगे। परामर्शदाताओं की फीस का भुगतान प्रशासनिक प्रभारों से किया जाएगा। प्रति जिला उपकरणों के साथ एक कम्प्यूटर खरीदने की अनुमति होगी।

5.11.2 परियोजना के तहत निर्धारित किए जाने वाले प्रशासनिक घटक कुल जिला परियोजना परिव्यय के 4 प्रतिशत तक हो सकते हैं।

5.11.3 "प्रशासनिक व्यय "के तहत निम्न पदों पर व्यय विशेष रूप से प्रतिबंधित है :

- क. वाहनों की खरीद
- ख. भूमि और भवनों की खरीद
- ग. औपचारिक भवनों और विश्राम गृहों का निर्माण (इसमें निर्मल भारत अभियान परियोजनाओं के लिए आवश्यक शौचालय इकाइयां शामिल नहीं हैं)
- घ. कार्यालय उपकरण की खरीद
- ङ. किसी राजनीतिक दल और धार्मिक संगठनों पर व्यय
- च. उपहार और दान पर व्यय
- छ. सेल फोन की खरीद
- ज. प्रशासनिक व्यय की पूर्ति करने के लिए राज्य स्तरीय संस्थाओं को निधियों का अंतरण

## 6. राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति

6.1 राज्य योजना मंजूरी समिति द्वारा विधिवत रूप से अनुमोदित परियोजना प्रस्ताव राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकार से मिलने पर जिलों के लिए परियोजना प्रस्ताव अनुमोदित करने अथवा संशोधित करने के लिए निर्धारित समयावधि के लिए निर्मल भारत अभियान के तहत राष्ट्रीय योजना मंजूरी समिति गठित की जाएगी। राष्ट्रीय योजना मंजूरी समिति में सात सदस्य होंगे। राष्ट्रीय योजना मंजूरी समिति का गठन निम्नानुसार किया जाएगा :

1. सचिव, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय – अध्यक्ष
2. अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय
3. मंत्रालय द्वारा मनोनीत किए गए ग्रामीण स्वच्छता क्षेत्र के चार गैर सरकारी विशेषज्ञ
4. उस राज्य के ग्रामीण स्वच्छता के प्रभारी सचिव, जिसके प्रस्ताव पर विचार किया जाएगा
5. प्राथमिक शिक्षा विभाग, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के प्रभारी संयुक्त सचिव
6. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के प्रभारी संयुक्त सचिव
7. महिला एवं बाल विकास के प्रभारी संयुक्त सचिव
8. स्वच्छता, पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय के प्रभारी सचिव – सदस्य सचिव

## 7. कार्यान्वयन एजेंसियां

7.1 निर्मल भारत अभियान के कार्यान्वयन के लिए व्यापक पैमाने पर सामाजिक एकजुटता तथा निगरानी की आवश्यकता होगी। नीचे दिए गए अनुसार राज्य/जिला/ब्लॉक/ग्राम स्तर पर एक चार–स्तरीय कार्यान्वयन तंत्र बनाया जाना चाहिए :

### 7.2 राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन (एसडब्ल्यूएसएम)

7.2.1 ग्रामीण पेयजल आपूर्ति, ग्रामीण स्वच्छता, विद्यालय शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, कृषि का काम देखने वाले राज्य के विभागों के बीच सहयोग एवं समन्वय स्थापित करने की दिशा में एक कदम के रूप में राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में एक राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन बनाया जाना चाहिए। यह राज्य में ग्रामीण जल आपूर्ति एवं स्वच्छता कार्यक्रम कार्यान्वित करने वाले विभाग/बोर्ड/निगम/प्राधिकरण/एजेंसी के तत्वावधान में एक पंजीकृत सोसाइटी होगा।

7.2.2 एसडब्ल्यूएसएम की अध्यक्षता प्रमुख सचिव/अपर प्रमुख सचिव/विकास आयुक्त द्वारा की जाएगी और पीएचईडी, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, वित्त, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन, कृषि, सूचना और जन संपक्र के प्रभारी सचिव सदस्य के रूप में शामिल होंगे। प्रमुख सचिव/राज्य में स्वच्छता/पेयजल का काम देखने वाले विभाग के सचिव सभी एसडब्ल्यूएसएम क्रियाकलापों के लिए तथा मिशन की बैठकें आयोजित करने के लिए जिम्मेदार नोडल सचिव होंगे। स्वच्छता, जल–विज्ञान, आईईसी, एचआरडी, एसआईएस, मीडिया, गैर–सरकारी संगठन इत्यादि क्षेत्र के विशेषज्ञों को सदस्यों के रूप में शामिल किया जा सकता है।

7.2.3 एसडब्ल्यूएसएम राज्य में परियोजना जिलों में निर्मल भारत अभियान के कार्यान्वयन का पर्यवेक्षण करेगा, लाइन विभागों के बीच तालमेल तंत्र सुनिश्चित करेगा, जिलों द्वारा की गई प्रगति के अनुसार प्रत्येक जिले के लिए वार्षिक कार्यान्वयन योजना तैयार करेगा, विशिष्ट परियोजना जिलों के लिए निर्धारित केन्द्र से सहायता अनुदान प्राप्त करेगा और डीडब्ल्यूएसएम को वितरित करेगा। सभी परियोजनाओं को राज्य योजना मंजूरी समिति द्वारा अनुमोदित किया हुआ होना चाहिए। मिशन की बैठक छह महीने में कम से कम एक बार होनी चाहिए।

### 7.3 जल एवं स्वच्छता सहायता संगठन (डब्ल्यूएसएसओ)

7.3.1 सभी राज्यों, राज्य स्तर पर आईईसी, एचआरडी तथा निगरानी एवं मूल्याकंन का काम करने के लिए राज्य जल एवं स्वच्छता मिशन के तहत जल एवं स्वच्छता सहायता संगठन (डब्ल्यूएसएसओ) बनाएगा। राज्य के लिए संचार नीति की योजना डब्ल्यूएसएसओ द्वारा बनाई जाएगी और प्रभावी कार्यान्वयन के लिए उसकी नियमित निगरानी की

जानी चाहिए। उन राज्यों में, जहां जल आपूर्ति एवं स्वच्छता का काम दो अलग–अलग विभागों द्वारा देखा जाता है, वहां सीसीडीयू (स्वच्छता) को डब्ल्यूएसएसओ के साथ संबद्ध किया जाएगा। संचार, मानव संसाधन विकास तथा निगरानी और स्कूल स्वच्छता एवं स्वास्थ्य शिक्षा क्षेत्र के परामर्शदाताओं की सेवाएं ली जा सकती हैं।

## 7.4 जिला जल एवं स्वच्छता मिशन (डीडब्ल्यूएसएम)

7.4.1 जिला स्तर पर एक जिला जल एवं स्वच्छता मिशन बनाया जाएगा। लाइन विभाग कार्यान्वयन में उत्प्रेरक की भूमिका निभाएंगे। डीडब्ल्यूएसएम का संघटन निम्नानुसार होना चाहिए :

- डीडब्ल्यूएसएम की अध्यक्षता जिला परिषद के अध्यक्ष / जिला कलक्टर / उपायुक्त द्वारा की जाएगी।
- इसमें सदस्य होंगे जिले के सभी संसद सदस्य / विधान सभा सदस्य और विधान परिषद सदस्य तथा जिला परिषद की स्थायी समिति के अध्यक्ष अथवा उनके प्रतिनिधि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायती राज, सामाजिक कल्याण, आईसीडीएस, पीएचईडी, जल संसाधन, कृषि, सूचना और जन संपक्र के जिला अधिकारी
- गैर–सरकारी संगठनों का निर्धारण डीडब्ल्यूएसएम द्वारा किया जाना चाहिए तथा मिशन में सदस्य के रूप में शामिल किया जाना चाहिए।
- पीएचईडी के कार्यकारी अभियंता / जिला परिषद के जिला अभियंता / एसडब्ल्यूएसएम द्वारा अनुमोदित कोई अन्य अधिकारी सदस्य सचिव होंगे
- मिशन की बैठक कम से कम हर तीसरे महीने होनी चाहिए।

डीडब्ल्यूएसएम को उपयुक्त आईईसी कार्यनीतियों और अन्य लाइन विभागों के साथ तालमेल तंत्र के साथ जिला निर्मल भारत अभियान परियोजना की आयोजना तथा कर्यान्वयन करना चाहिए। डीडब्ल्यूएसएम यह भी सुनिश्चित करेगा कि निर्मल भारत अभियान के उद्देश्यों को हासिल करने के लिए ग्राम पंचायतों को निधियां मिल रही हैं। इसे कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा तथा निगरानी करनी चाहिए ताकि जिला वार्षिक कार्ययोजनाओं का उद्देश्य हासिल किया जा सके और इसके परिणामस्वरूप स्थायी निर्मल ग्राम पंचायतें बन सकें।

## 7.5 ब्लॉक संसाधन केन्द्र (बीआरसी)

7.5.1 ग्राम पंचायतों में जल आपूर्ति एवं स्वच्छता की स्थिति के संबंध में मार्गदर्शन, सहायता देने और उसकी निगरानी करने के लिए ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता क्षेत्र में ब्लॉक पंचायतों की भूमिका को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। ब्लॉक पंचायत, ग्राम पंचायत अथवा ग्राम पंचायतों के समूह को सहायता देने के लिए आदर्श इकाई है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय द्वारा दिनांक 24 अगस्त, 2010 को पत्र संख्या डब्ल्यू–11042 / 72 / 2009 के माध्यम से जारी किए गए दिशा–निर्देशों के अनुसार ब्लॉक संसाधन केंद्र बनाए जाएंगे। बीआरसी जागरूकता सृजन, प्रेरणा, एकजुटता, प्रशिक्षण और ग्रामीण समुदायों, ग्राम पंचायतों तथा वीडब्ल्यूएससी के सहयोग के मामले में मंत्रालय के कार्यक्रमों में सतत सहायता प्रदान करेगा। बीआरसी साफ्टवेयर सहायता मामले में डीडब्ल्यूएसएम की विस्तारित सुपुर्दगी तंत्र के रूप में सेवा करेगा और डीडब्ल्यूएसएम तथा ग्राम पंचायत / वीडब्ल्यूएससी / ग्रामीण समुदायों के बीच कड़ी के रूप में कार्य करेगा।

7.5.2 क्षमता निर्माण तथा स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं के संबंध में ग्रामीण समुदाय को जागरूक बनाने का काम बीआरसी द्वारा किया जाएगा। यह ग्राम पंचायतों को निर्मल ग्राम की स्थिति हासिल करने, उसे बनाये रखने और वहां प्रभावी तथा किफायती ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था बनाने में भी मदद करेगा।

## 7.6 ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति

7.6.1 प्रेरणा, जागरूता, कार्यक्रम के कार्यान्वयन और पर्यवेक्षण के मामले में सहायता करने के लिए ग्राम पंचायतों में ग्राम पंचायत की उपसमिति के रूप में एक ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति गठित की जाएगी। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को निर्मल ग्रामों की व्यापक और संतृप्तीकरण नीति में महत्वूपर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

## 8. पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका

8.1 73वां संविधान संशोधन 1992 के अनुसार, स्वच्छता को 11वीं अनुसूचित में शामिल किया गया है। तद्नुसार, निर्मल भारत अभियान के कार्यान्वयन में ग्राम पंचायतों की अहम भूमिका है। कार्यक्रम का कार्यान्वयन सभी स्तरों पर पंचायती राज संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। वे शौचालयों के निर्माणउरू के लिए सामाजिक जागरूकता पैदा करेंगी और अपशिष्टों के सुरक्षित निपटान के माध्यम से पर्यावरण को स्वच्छ भी बनाए रखेंगी। पंचायती राज संस्थाएं पारस्परिक आईईसी तथा प्रशिक्षण के लिए उपयुक्त गैर सरकारी संगठनों की मदद ले सकती हैं। निर्मल भारत अभियान के तहत बनाए गए स्वच्छता परिसरों का रखरखाव पंचायतों/स्वैच्छिक संगठनों/परोपकारी न्यासों द्वारा किया जाएगा। पंचायतें निर्धारित राशि के अतिरिक्त विद्यालय स्वच्छता के लिए अपने संसाधनों से भी अंशदान दे सकती हैं। वे निर्मल भारत अभियान के तहत सृजित परिसंपतियों जैसे – सामुदायिक परिसरों, पर्यावरण घटकों, निकासी इत्यादि के संरक्षक के रूप में कार्य करेंगी। ग्राम पंचायतें उत्पादन केंद्र/ग्रामीण स्वच्छता बाजार भी खोल और संचालित कर सकती हैं।

8.2 ग्राम पंचायतें शौचालयों के नियमित इस्तेमाल, उनके रखरखाव तथा उन्नयन और स्वास्थ्य शिक्षा के लिए परस्पर चर्चा को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। वे पंचायतें और गैर सरकारी संगठन जो कार्यान्वयन में सबसे आगे हैं, उनकी यह सुनिश्चित करने में अहम भूमिका है कि निर्मल भारत अभियान के सभी घटकों अर्थात जल स्रोत और शौचालय के बीच दूरी निजी पारिवारिक शौचालय के लिए निर्धारित न्यूनतम दूरी का अनुपालन, विद्यालय और आंगनवाड़ी शौचालय तथा स्वच्छता परिसर, प्रदूषण को रोकने के लिए गड्ढे की गहराई, गड्ढे के संरेखण का नियमन, गड्ढे का भर जाना इत्यादि के संबंध में सुरक्षा मानकों को पूरा किया जाता है। यह बातें साफ–सफाई संबंधी प्रमुख आदतों जैसे हैंडपम्पों/जल स्रोतों के चारों और पर्यावरण को साफ और मानव तथा पशु मल से मुक्त रखना, पर भी लागू होती हैं। ग्राम पंचायतों को निर्मल भारत अभियान कार्यक्रम की निगरानी में भी भूमिका निभानी चाहिए। ब्लॉक स्तरीय तथा जिला स्तरीय – दोनों पंचायती राज संस्थाओं को संबंधित कर्मियों के साथ कार्यान्वयन की नियमित निगरानी करनी चाहिए।

## 9. गैर सरकारी संगठनों की भूमिका

9.1 ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मल भारत अभियान के कार्यान्वयन में गैर सरकारी संगठनों की उत्प्रेरक की भूमिका है। उन्हें आईईसी क्रियाकलापों तथा क्षमता निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल होना चाहिए जिससे स्वच्छता सुविधाओं के निर्माण और उनके इस्तेमाल की मांग पैदा हो। गैर सरकारी संगठनों को बेसलाइन सर्वेक्षण तथा पीआरए में भी शामिल किया जा सकता है, ताकि स्वच्छता, साफ–सफाई, जल के इस्तेमाल, परिचालन एवं रखरखाव इत्यादि के संबंध में प्रमुख व्यवहार तथा ज्ञान का विशेष रूप से निर्धारण किया जा सके। गैर सरकारी संगठन उत्पादन केंद्र तथा स्वच्छता बाजार भी खोल और संचालित कर सकते हैं। गैर सरकारी संगठनों का निर्धारण एक पारदर्शी मानदण्ड अपनाकर किया जाएगा।

## 10. निगमित निकायों की भूमिका

10.1 कारपोरेट घरानों को कारपोरेट सोशल रेसिपॉसिंबिलिटी के अनिवार्य हिस्से के रूप में निर्मल भारत अभियान में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। यह मान्यता है कि एक स्वस्थ कार्यबल अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए बेहतर कार्य कर सकता है बशर्ते इसकी जानकारी उन्हें पहले से हो। अपने उत्पादों अथवा सेवाओं के विपणन से ख्याती प्राप्त करने अथवा केवल प्रतिष्ठा के मुद्दे भी कारपोरेट घरानों को सामाजिक कार्य करने और लोगों के साथ मेल मिलाप बढ़ाने के लिए आकर्षित करते हैं। इस तरह, निर्मल भारत अभियान कारपोरेट घरानों को अपने सीएसआर को हल करने में मदद करने वाले मंच के रूप में काम कर सकता है।

